भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-2174

उत्तर देने की तारीख-05/08/2024

मध्य प्रदेश में नए केंद्रीय विद्यालय

2174. डॉ. राजेश मिश्रा:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास शैक्षणिक सत्र 2024-25 के दौरान मध्य प्रदेश के सीधी और सिंगरौली दोनों जिलों में नए केंद्रीय विद्यालय स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री

(जयन्त चौधरी)

(क) और (ख) नए केंद्रीय विद्यालय (केवि) खोलना एक सतत प्रक्रिया है। केंद्रीय विद्यालय देशभर में शिक्षा का एक साझा कार्यक्रम प्रदान करके मुख्य रूप से रक्षा और अर्धसैनिक कार्मिकों, केंद्रीय स्वायत्त निकायों, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और केंद्रीय उच्चतर शैक्षिक संस्थाओं (आईएचएल) के कार्मिकों सहित स्थानांतरणीय केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों के बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए खोले जाते हैं। नए केवि खोलने का प्रस्ताव भारत सरकार के मंत्रालयों या विभागों/राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) प्रशासनों द्वारा प्रायोजित किए जा सकते हैं, जिसमें मौजूदा प्रक्रियाओं के अनुसार नए केवि की स्थापना के लिए भूमि और अस्थायी आवास सहित आवश्यक संसाधन प्रदान करने की प्रतिबद्धता निहित है।

केंद्रीय विद्यालय संगठन (केविसं) से प्राप्त जानकारी के अनुसार, वर्तमान में मध्य प्रदेश राज्य में 112 केवि कार्यरत हैं। इन 112 केवि में से 01 केवि सीधी जिले (केवि सीधी) में कार्यरत हैं और 02 केवि सिंगरौली जिले (केवि सिंगरौली और केवि जयंत कोलियरी) में कार्यरत हैं। सीधी या सिंगरौली जिलें में नए केवि खोलने के लिए कोई व्यवहार्य प्रस्ताव केविसं को प्राप्त नहीं हुआ है।

*****